प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 05.05.2025

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा लूट करने वाले 02 शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार, गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में 01 बदमाश घायल, कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस मय एक अदद खोखा कारतूस मय घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूटा गया कुन्डल (पीली धातु) बरामद ।

दिनांक 05-05-25 को वादिया श्रीमती मुन्नी पत्नी श्री निर्मल कुमार निवासी बी-150 ए एचआईजी नन्दग्राम ने सूचना दी की कल दिनांक 04-05-25 को दोपहर के समय 02 अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों द्वारा रास्ते में जाते समय मेरे कान से झपटा मारकर मेरे कान का कुन्डल छीन लिया है। उपरोक्त सूचना पर थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया ।

कार्यवाही का विवरण- उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया, चैकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली की दिनांक 04-05-25 को महिला के कुन्डल छीनने वाले शातिर लूटेरे दोबारा से घटना करने की फिराक में रोटरी गोलचक्कर की साईड से मो0सा0 से आ रहे है। पुलिस द्वारा बैरिगेट लगाकर चैकिंग की जा रही थी, तभी सामने से मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्ति को रुकने के लिए कहा गया तो वह तेजी से मोटरसाइकि चलाकर भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर पकडा गया। जिन्हे मौके पर ही मुकदमा वादिया द्वारा पहचाना गया और बताया कि इन्ही दोनो लडको ने दिनांक 4-5-25 को मेरा कुन्डला लूटा था। दोनो अभि0गण को गिरफ्तार कर थाने लाया गया , जिनके द्वारा पूछताछ में बताया कि हमने लूटा हुआ कुन्डल गौशाला के पास से जो कच्चा रास्ता नीचे जा रहा है, वही एक पेड की आड पन्नी में लपेट कर सुहेब उर्फ सुहेल के द्वारा छिपा रखा है । जिस पर पुलिस द्वारा अभि0 सुहेब उर्फ सुहल को साथ लेकर बरमादगी हेतु अभि0 द्वारा बताये गये स्थान पर आये, अभि0 ने आगे आगे चलकर पेड की आड में छिपे कुंडल को निकालने हेतु नीचे झुका और उसी पेड की आड में पन्नी में पहले से छिपा रखे तमंचे से पुलिस बल के उपर फायरिंग कर दी, जिसको सरेन्डर करने हेतु कहा गया परन्तु अभि0 नही माना तब पुलिस पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसको घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया ।

अभि0 का नाम व पता-

1. सुहेल उर्फ सुहेब पुत्र बुन्दाखां निवासी ग्राम रहीसपुर कवि नगर कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष
2. शकील पुत्र खलील अहमद निवासी सेक्टर-23 संजय नगर थाना मधुबन बापू धाम कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 21 साल

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

अभि0 सुहेल उर्फ सुहेब उपरोक्त के विरुद्ध थाना कविनगर में लूट के 03 अभियोग व गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियोग, थाना नन्दग्राम पर लूट का 01 अभियोग , कुल 5 अभियोग पंजीकृत है।

अभि0 शकील उपरोक्त के विरुद थाना नन्दग्राम पर लूट का 01 अभियोग पंजीकृत है।

बरामदगी का विवरण-

पीली धातु का एक कुन्डल
एक तमंचा .315 बोर,
02 कारतुस .315 बोर, (01 जिन्दा, 01 खोखा)
01 मो0सा0 स्पलेन्डर रंग काला

गिरफ्तारी करने वाली टीम-
थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में बदमाश घायल एवं कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस मय एक अदद खोखा कारतूस मय घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 31140/- रूपये बरामद।

आज दिनांक 05.05.2025 को थाना विजयनगर पुलिस द्वारा डीपीएस फ्लाईऑवर के नीचे चेकिंग की जा रही थी। तभी सामने से मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो वह मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागा जिसका पुलिस पार्टी द्वारा पीछा किया गया तो उसके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जिसमें पुलिस पार्टी द्वारा भी अपनी आत्मरक्षार्थ सिखलाये गये तरीके से फायर किये गये। जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अमरजीत पुत्र नन्दकिशोर निवासी म0न0 944 ननकी चौक लक्ष्मण वाली गली थाना विजयनगर गाजियाबाद बताया जिसकी जामा तलाशी से अभियुक्त के पास कुल 31140/- रूपये एवं एक अदद तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस, एवं चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया।

नाम पता अभियुक्त
अमरजीत पुत्र नन्दकिशोर निवासी म0न0 944 ननकी चौक लक्ष्मण वाली गली थाना विजयनगर गाजियाबाद

पूछताछ का विवरणः-
पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि साहब मैं एनसीआर क्षेत्र में मोटर साइकिल की चोरी करके उससे राह चलते व्यक्तियों से उनके मोबाइल पर्स व गले से चैन छीन कर भाग जाता हूं मैने कुछ समय पहले रेलवे स्टेशन एवं सिद्धार्थ विहार से भी चैन लूटी थी। आज भी मैं इसी फिराक में इधर उधर घूम रहा था।

बरामदगी का विवरणः-
1. चोरी मोटर साइकिल UP14FV5449।
2. एक तमंचा 315 बोर , 02 जिन्दा कारतूस , 01 खोखा कारतूस
3. 31140/- रूपये लूट से सम्बन्धित

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
थाना विजयनगर पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद